# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
# इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक–1050 /FP/UK/ROAD/126632/2021 :देहरादून:दिनांक: 17 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः–जनपद–देहरादून के विकासनगर में ग्राम पंचायत पष्टा की माजरा (हरिजन बस्ती) आमवाला, मल्लावाला–II से पीपलसार तक भूड़ से मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 3.955 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का EDS दिनांक 07–01–2022 एवं आपकी पत्र संख्या–783/12–1(1) दिनांक 30–09–2022

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा 08 बिन्दुओं पर सूचना/आख्या चाही गयी थी। उक्त के अनुपालन में आपके द्वारा अख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। आपके द्वारा प्रेषित आख्या भारत सरकार द्वारा चाही गयी सूचना के अनुरूप नहीं है। अतः निम्न प्रकार पूर्ण आख्या ऑनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1– बिन्दु संख्या–2 एवं 3 के अनुपालन में अपूर्ण आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। अतः उक्त बिन्दुओं की विस्तृत आख्या अपनी पूर्ण संस्तुति के साथ हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि पूर्ण सूचना भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

2– बिन्दु संख्या–5 के अनुपालन में वांछित सूचना का पूर्णतः निराकरण नहीं किया गया है। अतः उक्त बिन्दु का पूर्ण निराकरण कर सूचना ऑनलाईन अपलोड करते हुये हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3– बिन्दु संख्या–8 का पूर्णतः निराकरण नहीं किया गया है। कृपया भारत सरकार द्वारा वांछित सूचना के अनुसार प्रश्न का उत्तर प्रेषित करें। अतः उक्त बिन्दु का निराकरण पूछे गये प्रश्न के अनुरूप नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार वांछित बिन्दुओं का पूर्णतः निराकरण कर अपनी पूर्ण संस्तुष्टि के उपरान्त ही इस कार्यालय को ऑनलाईन अपलोड कर हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथापरि।

भवदीय,

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या 1050 /FP/UK/Others/44884/2020 दिनांकित।

प्रतिलिपि :– प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को भारत सरकार उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार बिन्दुओं की वांछित सूचना का पूर्ण निराकरण कर सम्बन्धित वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि पूर्ण सूचना भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

17/10/22

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

O/C